**खबर संक्षेप**

### पुलिस ने सुलझाई अंधी हत्या की गुत्थी, पोता ही निकला कातिल



**मैहर।** पुलिस ने ग्राम धतुई में हुई 71 वर्षीय वृद्धा गीता अग्निहोत्री की हत्या का खुलासा महज 3 दिनों में कर दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में हुई जांच में पाया गया कि मृतिका के सगे नाती राजकुमार अग्निहोत्री ने ही जमीनी विवाद के चलते अपनी दादी के सिर पर सिलौंटी पटककर हत्या की थी। आरोपी ने हत्या के बाद गहने भी लूट लिए थे। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से चांदी की पायल, अंगूठी और खून से सने कपड़े बरामद कर लिए हैं। इस त्वरित कार्रवाई में थाना प्रभारी महेंद्र मिश्रा और सायबर सेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### मैहर को मिली धनवाही माइक्रो इरिगेशन परियोजना की सौगात



**मैहर।** विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने क्षेत्र के किसानों के लिए एक बड़ी उपलब्धि की जानकारी साझा की है। धनवाही माइक्रो इरिगेशन परियोजना के माध्यम से अब मैहर और कटनी जिले के कुल 3500 हेक्टेयर कृषि क्षेत्र को सिंचाई सुविधा से जोड़ा जाएगा। इस योजना में मैहर के अमतारा, धनवाही, मझगांव जैसे 6 गांव और कटनी के 3गांवों को शामिल किया गया है। विधायक ने बताया कि इस आधुनिक तकनीक से कम पानी में अधिक सिंचाई संभव होगी,जिससे जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और किसानों की आय में वृद्धि होगी। यह परियोजना क्षेत्र के कृषि उत्पादन को बढ़ाने की दिशा में एक ठोस कदम साबित होगी।

### बसपा छोड़ कई कार्यकर्ताओं ने थामा कांग्रेस का हाथ

**मैहर।** राजनीतिक हलचल के बीच



बहुजन समाज पार्टी को बड़ा झटका लगा है। जिला अध्यक्ष धर्मेश घई (रोमी) की उपस्थिति में बसपा के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में राहुल चौधरी,वसंत वर्मन समेत कई युवाओं ने पार्टी की विचारधारा पर भरोसा जताया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस हमेशा शोषितों और वंचितों की लड़ाई लड़ती रही है,जिससे प्रभावित होकर युवा जुड़ रहे हैं। ब्लॉक अध्यक्ष रमेश प्रजापति ने विश्वास दिलाया कि नए सदस्यों को संगठन में पूरा सम्मान मिलेगा और वे आने वाले चुनावों में पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे।

### मैहर में 'पुष्प बाजार' से किसानों को मिला स्थानीय मंच



**मैहर।** जिला प्रशासन और मां शारदादेवी मंदिर समिति के नवाचार से जिले में फूलों की खेती करने वाले किसानों के लिए खुशखबरी है। कलेक्टर रानी बाटड की पहल पर मंदिर परिसर में पुष्प मंडी उपलब्ध कराई गई है,जहाँ किसान अपनी उपज सीधे बेच सकते हैं। इसके अलावा,उपज मंडी में हर बुधवार को प्राकृतिक खेती से उगे फल,अनाज और जैविक खाद के लिए विशेष बाजार लगाया जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना और किसानों को उनके उत्पाद का सही मूल्य दिलाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

### सोशल मीडिया के जरिए हनीट्रैप और अवैध उगाही करने वाला गिरोह गिरफ्तार

**मैहर।** पुलिस ने इंस्टाग्राम के माध्यम से दोस्ती कर मारपीट और अवैध उगाही करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। आरोपी मानसी उर्फ गोल्डी नामदेव ने फरियादी शिव शंकर गुप्ता को मिलने के बहाने बुलाया और फिर अपने साथियों के साथ मिलकर उसे बंधक बना लिया। आरोपियों ने फरियादी को झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर 56,000 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए।

## बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, भड़के ग्रामीणों ने लगाया जाम









**सतना।**

कोलगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहन्ना में गुरुवार को एक भीषण सड़क हादसे ने कोहराम मचा दिया। एक तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी,जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि दूसरा साथी गंभीर रूप से घायल है। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगाकर जमकर हंगामा किया और वाहन में तोड़फोड़ की।

#### हादसे का विवरण

जानकारी के अनुसार,मोहन्ना निवासी सुनील पाल 32 वर्ष और जितेन्द्र पाल बाइक पर सवार होकर मुख्य मार्ग से जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही एक बोलेरो ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सुनील पाल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

#### ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, शराब तस्करी का आरोप

हादसे की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए। उत्तेजित भीड़ ने सड़क पर जाम लगा दिया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों का आरोप है कि कार चालक धर्मेंद्र सिंह कथित तौर पर शराब की पैकारी (अवैध बिक्री) में लिप्त है। घटना के समय आरोपी चालक नशे की हालत में था। हादसे के तुरंत बाद आरोपी चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।

#### पुलिस की कार्रवाई और स्थिति

घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल जितेन्द्र पाल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए कोलगवां थाना पुलिस सहित भारी पुलिस बल तैनात किया गया। सीएसपी देवेंद्र सिंह चौहान ने भी मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। ग्रामीणों की मुख्य मांग है कि मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाए। आरोपी चालक के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। फिलहाल पुलिस ने मामले को शांत कराने और यातायात बहाल करने के लिए समझाइश का दौर जारी रखा है।



## वार्ड नंबर 15 में प्रदर्शनी संचालक की मनमानी से जनता परेशान

**मैहर।**

शहर के वार्ड नंबर 15 में लगी एक प्रदर्शनी स्थानीय निवासियों के लिए मुसीबत बन गई है। प्रदर्शनी संचालक द्वारा खुलेआम सड़क पर कचरा फेंका जा रहा है। जब स्थानीय लोगों ने विरोध किया,तो संचालक ने सफाई शुल्क जमा करने का हवाला देकर पल्ला झाड़ लिया। इस गंदगी के कारण गुरु नानक मिशन स्कूल के छात्रों और आम नागरिकों को निकलने में दिक्कत हो रही है। साथ ही स्थानीय व्यापारियों का धंधा भी प्रभावित हो रहा है। नगरपालिका प्रशासन की इस मामले में चुप्पी पर सवाल उठ रहे हैं और लोगों ने तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

### बदेरा पंचायत में विकास के नाम पर भ्रष्टाचार के आरोप

**मैहर।** बदेरा पंचायत, जिसे हाल ही में तहसील का दर्जा मिला है,वहां विकास कार्यों में भारी अनियमितता की खबरें सामने आ रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच द्वारा सरकारी राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। 12.50 लाख की लागत से बन रहा कांजी हाउस और 15 लाख की सीसी सड़क का निर्माण अत्यंत घटिया सामग्री से किया जा रहा है। पेवर ब्लॉक कार्यों में भी भारी भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर और जनपद सीईओ से मांग की है कि इन कार्यों की सूक्ष्म जांच की जाए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए,क्योंकि सरकारी रिकॉर्ड में भी डाटा फीड नहीं किया जा रहा है।

## नए बस स्टैंड से बसों के संचालन में आ रही तकनीकी और व्यावहारिक बाधाएं: बस ऑपरेटरों ने प्रशासन को घेरा

**सतना।**

नवनिर्मित अंतरराज्यीय बस टर्मिनल (ISBT) से बसों के संचालन को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। बस ऑपरेटरों ने सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष का ध्यान उन गंभीर कठिनाइयों की ओर आकर्षित किया है,जो नए बस स्टैंड से संचालन के दौरान सामने आ रही हैं। गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में वरिष्ठसमाजसेवी और बस ऑपरेटर रत्नाकर चतुर्वेदी ने इस संबंध में प्रशासनिक अव्यवस्थाओं और तकनीकी खामियों को उजागर करते हुए सभी समस्याओं के निराकरण की मांग की है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बस ऑपरेटर रज्जन तिवारी राजेश सिंह गहरवार के अलावा अन्य बस ऑपरेटर उपस्थित रहे।



#### परमिट और समय चक्र का संकट

श्री चतुर्वेदी ने बताया कि अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा जारी पत्र (क्रमांक 826/2026) के जवाब में ऑपरेटरों ने अपना पक्ष रखा है। उन्होंने तर्क दिया कि सभी बसें मोटर यान अधिनियम के तहत स्वीकृत परमिट पर चलती हैं।वर्तमान परमिट पुराने बस स्टैंड की दूरी और वहां तक पहुँचने में लगने वाले समय के आधार पर तय किए गए थे। रीवा से ग्वालियर,सतना से कानपुर और सीधी से इंदौर जैसे लंबे मार्गों के साथ-साथ सेमरिया,बिरसिंहपुर और मैहर जैसे ग्रामीण अंचलों के लिए चलने वाली बसों के पास वापसी और प्रस्थान के बीच मात्र 10 से 20 मिनट का समय होता है। शहर में जाम की स्थिति और नए बस स्टैंड की अतिरिक्त दूरी के कारण अब ड्राइवरों के पास प्रस्थान के लिए केवल 1-2 मिनट ही बचते हैं,जिससे संचालन असंभव हो रहा है।

#### तकनीकी और कानूनी पेच

ऑपरेटरों के अनुसार,समय चक्र में बदलाव करना वर्तमान में एक जटिल प्रक्रिया है। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा मार्ग कटौती या वृद्धि पर प्रतिबंध लगाए जाने के कारण,पुराने परमिट निरस्त कर नए आवेदन करने होंगे। इस प्रक्रिया में न केवल भारी भरकम फीस लगेगी,बल्कि समय भी बर्बाद होगा,जिससे बस संचालन ठप हो सकता है और आम जनता को भारी असुविधा होगी।

#### ISBT में सुविधाओं का अभाव और सुरक्षा पर सवाल

शिवा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए ISBT की बुनियादी कमियों पर तीखा प्रहार किया। यात्री सुविधाओं की कमी,पुराने बस स्टैंड (सेमरिया चौक) पर यात्रियों के रुकने और सामान रखने की व्यवस्था थी,जो नए ISBT में नदारद है। शहर से काफी दूर होने के कारण छात्रों और आम यात्रियों को ऑटो या निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ेगा,जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। भवन के 500 मीटर के दायरे में कोई आवासीय क्षेत्र,मेडिकल स्टोर या खाने-पीने की दुकानें नहीं हैं। सबसे गंभीर बात यह है कि परिसर में सीसीटीवी कैमरे भी नहीं लगे हैं,जिससे किसी भी अनहोनी की स्थिति में अपराधियों को पकड़ना मुश्किल होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि ISBT का लोअर पुरवा मुख्य नहर के बगल में स्थित होना तकनीकी रूप से भी गलत है।

### हनुमान की भक्ति से मिलती है शरणागति: बागेश्वर धाम सरकार

## शिवराजपुर में लगा बागेश्वर धाम सरकार का दिव्य दरबार

**सतना।**

शिवराजपुर दहलान धाम सरकार के 22वें वार्षिकोत्सव में श्री रुद्र महायज्ञ के साथ-साथ आयोजित हनुमंत कथा के द्वितीय दिवस पूज्य गुरुदेव बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी ने कथा पर प्रवचन के दौरान बताया कि सगुण और सहज व्याख्या गोस्वामी तुलसीदास जी ने श्रीमद्रामचरितमानस में न की हो। काल,व्यक्ति और देश भेद से ईश्वर अपनी बात को कहने का स्वरुप और पात्रों को भले ही बदल दे,पर मूल लक्ष्य एक ही रहता है। अपने भक्त को अपनी शरण में रखकर उसको निर्भीक,निर्द्वन्द और अदम्य पुरुषार्थ कराकर भी यह बताना कि तुम केवल यंत्र मात्र हो। ईश्वर के संकल्प में जो पहले ही हो जाता है,व्यक्ति उसको बाद में कर्ता दिखता है। महाराज जी ने कहा कि कर्म धर्म की सरिता को और भक्ति धर्म की सरिता को,ईश्वर की शरणागति के महासागर में जब तक मिला नहीं दिया जाता हैं तब तक अहं बिकार बना ही रहेगा। फिर वो चाहे नाम




रूप में वहाँ रहे या गुण रूप में। अब तुम सारे धर्मों की व्याख्या सुनने के पश्चात सब धर्मों को छोड़ दो। परित्याग कर दो सब धर्मों का। महराज जी ने कहा कि 'जो तुम करने वाले बन रहे थे,वह भूत,और यह मतिभ्रम का वर्तमान है,।' जिसके लिए तुम आतंकित हो रहे हो उस भविष्य की चिंता को छोड़ दो,वस्तुतः जिसको हम भूत वर्तमान और भविष्य कहते हैं,वे त्रिकाल और त्रिकाल में सत्य रुप तो भगवान ही हैं,भगवान कहते हैं वह मैं ही हूँ,यह मानकर मुझ सागर में मिल जाओ,और फिर सागर से उठकर जब बादल के रुप में तुम वर्षा का कर्म करोगे तो वह जल मीठा होगा,हनुमान जी की भक्ति करने उनकी शरणागति से वो रक्षा तो करते ही हैं कभी नुकसान नहीं होने देते अभय कर देते है और सीताराम जी से मिला देते हैं जैसे विभीषण पर किया ऐसे करुणानिधान हैं महराज जी ने कहा कि जल्द भारत हिन्दू राष्ट्र बनेगा। द्वितीय सत्र में दिव्य दरबार में बाधा भूत-प्रेत गंभीर रोगियों से ग्रसित जनों के लिए अर्जी मंच से पूज्य सरकार ने लगाया। जहां मौके से लोगों को सुख और शांति महसूस हुई। आयोजक उद्योगपति रुद्र प्रताप त्रिपाठी के द्वारा सनातन धर्म का सबसे बड़ा आयोजन दहलान धाम में प्रतिवर्ष 4 वेद 6 शास्त्र 18 पुराण दुर्गा सप्तशती महामृत्युंजय जाप 11 दिनों तक एवं विशाल अन्नपूर्णा नियमित होता है जिसमें 1100 ब्राह्मणों द्वारा नियमित पूजा पाठ यज्ञ और रुद्राभिषेक किया जाता है। कथा में मुख्यरूप से चंद्रशेखर त्रिपाठी,गोविंदा गर्ग,सतीश सुखेजा, हरिओम गुप्ता,मनोहर वाधवानी,दीपक अग्रवाल,सुशील सुखेजा,बंटू गोस्वामी, बंसम सुखेजा, राजदीप सिंह मोनू,जानवी त्रिपाठी, गुड्डा शर्मा,आशीष बाजपेई, मोहित त्रिपाठी, जगन दीपू शर्मा, अवनीश, रवि मालिक आदि उपस्थित थे।




## आरपीएल क्रिकेट: आरपीएफ-जीआरपी और सतना कैरिज बैगन की जीत

**सतना।** रेलवे मनोरंजन सदन के तत्वाधान में आयोजित आरपीएल प्रतियोगिता में रोमांचक मुकाबले जारी हैं। पहले मैच में आरपीएफ प्लस जीआरपी ने उचेहरा प्लस मैहर एकादश को 4 विकेट से हराया। भवानी सिंह को उनके शानदार 68 रनों के लिए 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। दूसरे मैच में सतना कैरिज बैगन ने रीवा वॉरियर्स को पराजित किया। सनी यादव ने 3 विकेट और 17 रन बनाकर मैच जिताऊ प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट कमेटी के मीडिया प्रभारी पंकज तिवारी ने बताया कि आगामी मैच लोको और स्टेशन 11 जैसी टीमों के बीच खेले जाएंगे।

## मझगवां पुलिस की बड़ी कार्रवाई, तहसील चालान घोटाले का मुख्य आरोपी धनबाबू पटेल गिरफ्तार



**सतना।** मझगवां थाना पुलिस को धोखाधड़ी के मामले में एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मझगवां तहसील में हुए चर्चित 'चालान घोटाले' के मुख्य आरोपी धनबाबू पटेल को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और पुलिस की आंखों में धूल झोंक रहा था। यह मामला मझगवां तहसील में सरकारी चालानों के हेरफेर और वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ा है। आरोपी धनबाबू पटेल पर आरोप है कि उसने तहसील कार्यालय में चालानों में फर्जीवाड़ा कर शासन को राजस्व की हानि पहुंचाई थी।

## विधायक सुरेन्द्र सिंह ने मेधावी छात्रों का किया सम्मान, चित्रकूट के भविष्य को सराहा

**सतना।**

मझगवां जनपद पंचायत मझगवां के अंतर्गत आने वाले सभी संचालित विद्यालयों के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संदीपनी विद्यालय मझगवां में आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम में चित्रकूट क्षेत्र के विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवान मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। विधायक ने क्षेत्र के होनहार विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और नकद राशि भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम में संदीपनी और मॉडल विद्यालय को छोड़कर जनपद के अन्य सभी शासकीय व निजी विद्यालयों के उन छात्रों को चुना गया,जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।





# पन्ना पुलिस द्वारा समूह बनवाकर सस्ते लोन का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह के 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**आरोपियों द्वारा सुनवानी थाना क्षेत्र में फर्जी फायनेंस लिमिटेड कम्पनी से लोन दिलाने का प्रचार प्रसार कर व पम्पलेट, फर्जी आई.डी. कार्ड दिखाकर ग्रामीण महिलाओं/पुरुषों को बनाया गया था ठगी का शिकार**

आरोपियों के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त मोटर सायकिल सहित फर्जी फायनेंस कम्पनी के कागजात, फॉर्म, आई.डी कार्ड एवं प्रचार-प्रसार हेतु प्रयुक्त सामग्री एवं ठगी की गई राशि की गई जप्त।



पन्ना।

पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन में पन्ना पुलिस द्वारा फर्जी लोन के नाम पर ग्रामीणों से ठगी करने वाले गिरोह के विरुद्ध त्वरित, सुनियोजित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए 02 आरोपियों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है।

थाना सुनवानी क्षेत्र के ग्राम सिरसी पटना निवासी जनकराम कोरी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि कुछ अज्ञात व्यक्ति गांव में आकर स्वयं को हनुमान फाइनेंस कंपनी लिमिटेड का कर्मचारी बताते हुए ग्रामीणों को समूह (ग्रुप) बनाकर सस्ते ब्याज दर पर लोन दिलाने का लालच दे रहा था। आरोपी द्वारा गांव के 11 लोगों का समूह तैयार करवाया गया और लोन दिलाने के नाम पर फार्म भरवाकर आधार कार्ड, वोटर आईडी, बैंक खाता विवरण, पति-पत्नी के संयुक्त फोटो जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज प्राप्त किए गए। आरोपियों द्वारा प्रत्येक व्यक्ति से 2000/- शुल्क वसूल कर कुल 22 हजार रुपये लिये गये तथा तीन दिन में खातों में लोन राशि आने का आश्वासन दिया गया। निर्धारित समय में लोन राशि खातों में न आने तथा आरोपियों के मोबाइल नंबर बंद हो जाने पर ग्रामीणों को ठगी का अहसास हुआ। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वन्दना चौहान एवं एस.डी.ओ.पी पवई भावना दांगी के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी सुनवानी निरी. हरवचन कुड़ापे के नेतृत्व मे विशेष पुलिस टीम गठित की गई एवं तकनीकी सहायता हेतु साइबर सेल पन्ना को निर्देशित किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा साइबर सेल से प्राप्त तकनीकी सहायता, डिजिटल इनपुट एवं मुखबिर सूचना के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुए हटा, जिला दमोह से 02 संदिग्ध व्यक्तियों को अभिरक्षा में लिया गया। सघन एवं कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा समूह बनवाकर फर्जी लोन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करना स्वीकार करते हुये बताया की हमने एक अन्य साथी सोनू शर्मा के साथ मिलकर फर्जी लोन फायनेंस कर ठगी करने की योजना बनाई थी जिस हेतु हनुमान फायनेंस लिमिटेड एवं आर. गौतम कंपनी नाम से संबंधित फर्जी दस्तावेज फार्म एवं पम्पलेट तैयार किये थे फिर देहात क्षेत्र मे प्रचार प्रसार करने गये जो ग्राम सिरसी पटना जहां कम्पनी से सम्बंधित पम्पलेट आई.डी. कार्ड दिखाये एवं लोगों को समझाया फिर हमने लोगों को एकत्रित कर सस्ते ब्याज दर पर लोन देने के लिए फार्म भरवाकर आधारकार्ड, वोटर आईडी, बैंक खाता व पति पत्नी के ज्वाइंट दो फोटो मांगे थे एवं लोन फायनेंस कराने हेतु प्रत्येक व्यक्ति से 2000-2000/- रुपये लिये गये थे जो हमने आपस मे बांट लिये थे। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार करते हुये उनके कब्जे से 08 हजार रुपये नगदी 02 मोबाइल फोन एवं घटना मे प्रयुक्त मोटर सायकिल सहित फर्जी कम्पनी के कागजात, फार्म, आई.डी कार्ड एवं प्रचार प्रसार हेतु प्रयुक्त सामग्री जप्त की गई है। पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही की गई तथा गिरोह से जुड़े अन्य व्यक्तियों की तलाश जारी है आरोपियो द्वारा पन्ना सहित आसपास के जिलो मे भी इस प्रकार की घटना किया जाना स्वीकार किया गया जिसके सम्बंध मे जानकारी एकत्रित की जा रही है।

**नाम पता आरोपी-** 1. विष्णु कुमार पिता मानचंद कुमार जाटव उम्र 27 साल निवासी ग्राम बेरी थाना फरह जिला मथुरा (उ.प्र.) 2. बीरेन्द्र सिंह पिता वीधाराम सिंह उम्र 36 साल निवासी ग्राम बेरी थाना फरह जिला मथुरा (उ.प्र.)

**जप्त सामग्री-** पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से 08 हजार रुपये नगदी 02 मोबाइल फोन एवं घटना मे प्रयुक्त मोटर सायकिल सहित फर्जी कम्पनी के कागजात, फार्म, आई.डी कार्ड एवं प्रचार-प्रसार हेतु प्रयुक्त सामग्री जप्त की गई है।

**सराहनीय योगदान-** उक्त संपूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी सुनवानी निरी. हरवचन कुड़ापे, सउनि प्रेमलाल शर्मा, प्र.आर. अजेश वेदी, सेवक लाल, आर. भरत एवं सायबर सेल टीम पन्ना का सराहनीय योगदान रहा।

## भारत पेट्रोल पंप के पास सड़क हादसा, बाइक की टक्कर से दो घायल



**अमानगंज।** पवई-अमानगंज मुख्य सड़क मार्ग पर भारत पेट्रोल पंप के पास पैदल जा रहे एक राहगीर को तेज रफ्तार बाइक चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक सहित राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गए। गुरुवार शाम 7रू00 बजे मिली जानकारी के अनुसार घायलों में कमल थापा निवासी नेपाल (काठमांडू) तथा चंद्रपाल राजपूत निवासी टाई शामिल हैं। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई और तत्काल डायल 112 को सूचना दी गई।सूचना मिलते ही डायल 112 स्टाफ आरक्षक मेहरबान सिंह एवं पायलट हरि पटेल मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज में भर्ती कराया। फिलहाल दोनों घायलों का उपचार जारी है।

### जेके सीमेंट पन्ना सीएसआर की सराहनीय पहल

# पन्ना टाइगर रिज़र्व के आदिवासी वन ग्राम मनकी में निःशुल्क खाद्य सामग्री व कंबल वितरण





**पन्ना।** सामाजिक दायित्वों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को साकार करते हुए जेके सीमेंट पन्ना द्वारा कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (ब्ैत्) के अंतर्गत पन्ना टाइगर रिज़र्व क्षेत्र के सुदूर आदिवासी वन ग्राम मनकी में निःशुल्क खाद्य सामग्री एवं कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पहल का उद्देश्य वन क्षेत्र में निवासरत जरूरतमंद आदिवासी परिवारों को दैनिक आवश्यकताओं में सहयोग प्रदान करना तथा ठंड के मौसम में राहत पहुंचाना रहा। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण परिवारों को खाद्य सामग्री एवं कंबल वितरित किए गए। वितरण कार्य पूरी तरह सुव्यवस्थित एवं अनुशासित ढंग से संपन्न हुआ, जिससे ग्रामीणों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। इस अवसर पर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला और उन्होंने जेके सीमेंट पन्ना की इस मानवीय पहल के प्रति आभार व्यक्त किया। इस विशेष कार्यक्रम में जेके सीमेंट पन्ना के यूनिट हेड श्री कपिल अग्रवाल, एचआर हेड अवनेश कुमार गौतम, सीएसआर हेड श्री मनीष कुमार शर्मा तथा वरिष्ठ पत्रकार श्री मनीष मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने वितरण व्यवस्था का अवलोकन किया एवं ग्रामीणों से संवाद कर उनकी मूलभूत आवश्यकताओं की जानकारी ली। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीएसआर टीम से समृत मीणा एवं राकेश कुमार चौरसिया ने सक्रिय भूमिका निभाई। टीम के सदस्यों द्वारा पूरे समर्पण और संवेदनशीलता के साथ कंबल एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। जेके सीमेंट पन्ना द्वारा किया गया यह सेवा कार्य आदिवासी कल्याण एवं सामाजिक समरसता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कंपनी द्वारा निरंतर शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल प्रोत्साहन, सड़क सुरक्षा एवं आदिवासी विकास से जुड़े कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। वन ग्राम मनकी में आयोजित यह कार्यक्रम इसी सामाजिक प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है।

### स्व. शिक्षक चंद्रकाप्रसाद चनपुरिया स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

# उद्घाटन मैच में बिजावर ने हटा को 95 रनों से हराया

**प्रशांत की ताबड़तोड़ पारी लगे 23 छक्के**



**अमानगंज।** ग्राम सोनवानी में स्वर्गीय शिक्षक चंद्रकाप्रसाद चनपुरिया की स्मृति में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ किया गया। टूर्नामेंट के पहले ही दिन खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं क्रिकेट प्रेमी मैदान में मौजूद रहे। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुकाबला छतरपुर जिले की बिजावर टीम एवं दमोह जिले की हटा टीम के बीच खेला गया। मैच में टॉस जीतकर बिजावर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बिजावर के बल्लेबाजों ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और निर्धारित 15 ओवरों में 211 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया।,बिजावर की ओर से प्रशांत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैदान में चौकों-छक्कों की बारिश कर दी। प्रशांत ने अपनी विस्फोटक पारी में 23 छक्के लगाकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। उनकी इस ताबड़तोड़ बल्लेबाजी ने हटा की गेंदबाजी को पूरी तरह दबाव में ला दिया और मैच का रुख एकतरफा कर दिया। 211 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी हटा की टीम शुरुआत से ही लड़खड़ाती नजर आई। बिजावर के गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए लगातार विकेट चटकाए। हटा की पूरी टीम मात्र 116 रन पर ऑलआउट हो गई। इस प्रकार बिजावर ने उद्घाटन मुकाबला 95 रनों से जीतकर टूर्नामेंट में शानदार आगाज किया। टूर्नामेंट के शुभारंभ अवसर पर पवई जनपद पंचायत अध्यक्ष मोहिनी आनंद मिश्रा, अमानगंज भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रशांत चतुर्वेदी, युवा नेता प्रदीप अवस्थी सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए टूर्नामेंट के सफल आयोजन हेतु आयोजकों को शुभकामनाएं दीं।

## पंचम सिंह चौराहे के पास दुर्घटनाओं का खतरा, गति अवरोधक लगाने की उठी मांग

पन्ना।

नगर के व्यस्ततम मार्ग पंचम सिंह चौराहे के समीप स्थित दो प्रमुख चौराहों पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है। यह क्षेत्र यातायात की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है, क्योंकि एक ओर से प्रसिद्ध किशोर जी मंदिर तथा दूसरी ओर से प्रसिद्ध श्री प्राणनाथ जी मंदिर जाने का मार्ग यहीं से होकर गुजरता है। धार्मिक स्थलों की वजह से यहां दिनभर श्रद्धालुओं और आम नागरिकों की भारी आवाजाही बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मुख्य मार्ग पर दोनों चौराहों के पास वाहन चालक बिना गति नियंत्रित किए तेज रफ्तार में निकल जाते हैं, जिससे पैदल यात्रियों, बुजुर्गों और बच्चों को खतरा रहता है। कई बार दुर्घटनाएं भी घटित हुई है और कई दुर्घटनाएं होते-होते बची हैं, लेकिन अब भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। जल्द गति अवरोधक (स्पीड ब्रेकर) लगाए जाएं। क्षेत्रवासियों ने पुलिस एवं यातायात प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए मांग की है कि दोनों चौराहों पर जल्द से जल्द गति अवरोधक (स्पीड ब्रेकर) लगाए जाएं, ताकि वाहनों की रफ्तार नियंत्रित हो सके और संभावित दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। समय रहते प्रशासन द्वारा ठोस कदम उठाए जाए।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन द्वारा ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो किसी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। लोगों ने यातायात पुलिस से निरीक्षण कर आवश्यक सुरक्षा उपाय करने की अपील की है, जिससे श्रद्धालुओं और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

### पन्ना पुलिस द्वारा देवेंद्रनगर थाना क्षेत्र में नागौद-खजुराहो रेलवे प्रोजेक्ट अंतर्गत ग्राम फुलवारी स्थित..

# रेलवे स्टेशन भवन से 15 लाख रुपये कीमत के केबल, वायर, पीवीसी पाइप एवं अन्य इलेक्ट्रिकल सामग्री की चोरी का किया गया खुलासा

**मामले मे प्रोजेक्ट मे कार्य कर रहे आरोपी इलेक्टिकल इंजीनियर सहित चोरी का माल खरीदने वाले आरोपी को किया गया गिरफ्तार।**

**आरोपियों के कब्जे से चोरी गया केबल, वायर, पीवीसी पाइप एवं अन्य इलेक्ट्रिकल सामग्री सहित घटना में प्रयुक्त पिकप वाहन एवं 01 मोबाइल फोन कुल कीमती करीब 20 लाख रुपये का मशरूका किया गया जप्त।**




**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में पन्ना पुलिस द्वारा थाना देवेंद्रनगर क्षेत्र अंतर्गत रेलवे प्रोजेक्ट से हुई बड़ी चोरी का सफल खुलासा किया गया है। इस कार्रवाई में देवेन्द्रनगर पुलिस टीम द्वारा 02 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लगभग 15 लाख रुपये का चोरी गया इलेक्ट्रिकल सामान, घटना में प्रयुक्त एक छोटा पिकअप वाहन एवं एक मोबाइल फोन जप्त किया गया है। जप्त मशरूका की कुल अनुमानित कीमत 20 लाख रुपये है। फरियादी रामप्रसाद शर्मा निवासी ग्राम थौलाई, तहसील जमवा रामगढ़, जिला जयपुर (राजस्थान), हाल निवासी ग्राम फुलवारी, थाना देवेंद्रनगर, द्वारा थाना देवेंद्रनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि के-3 कंस्ट्रक्शन कंपनी का नागौद से खजुराहो रेलवे स्टेशन तक निर्माण कार्य प्रगतिरत है। ग्राम फुलवारी स्थित रेलवे स्टेशन भवन के एक हाल में कंपनी द्वारा स्टोर बनाया गया था, जिसमें लगभग 30 लाख रुपये का इलेक्ट्रिकल सामान रखा हुआ था। फरियादी दिनांक 31.12.2025 को अपने गृह ग्राम गया हुआ था, जब वह लौटा तो दिनांक 21.01.2026 को स्टोर रूम व आसपास निरीक्षण करने पर वहां रखा केबल, वायर, पीवीसी पाइप एवं अन्य इलेक्ट्रिकल सामग्री, जिसकी कीमत 15,17,808 रुपये है, अज्ञात चोर द्वारा चोरी किया जाना पाया गया फरियादी की रिपोर्ट पर थाना देवेंद्रनगर में अपराध क्रमांक 57/26, धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी देवेंद्रनगर उप निरीक्षक संतोष यादव द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पन्ना श्री एस.पी. सिंह बघेल के मार्गदर्शन में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। एवं तकनीक सहायता हेतु सायबर सेल पन्ना को निर्देशित किया गया। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया तकनीक सहायता एवं मुखबिर सूचना के आधार पर संदेही इलेक्ट्रिकल इंजीनियर अंकित माथुर को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि उसने चोरी किया गया माल नागोद निवासी राकेश गर्ग को बेच दिया है। तत्पश्चात राकेश गर्ग को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई, जिसके गोदाम से चोरी गया संपूर्ण माल बरामद किया गया।

**गिरफ्तार आरोपी** -1. अंकित माथुर, पिता दिनेश माथुर, उम्र 35 वर्ष निवासी दृ 32, लीलाधर कॉलोनी, भानपुर, थाना छोलामंदिर, जिला भोपाल (म.प्र.) 2. राकेश गर्ग, पिता रामकरण गर्ग, उम्र 39 वर्ष निवासी - हरदुआ मोहल्ला, थाना नागौद, जिला सतना (म.प्र.)

**जप्त सामग्री-** पुलिस टीम द्वारा इलेक्ट्रिकल सामान (कुल कीमत 15,17,808), जिसमें शामिल ,केबल पीवीसी 416 ैफड के 04 ड्रम, 25 उउ च्टब पाइप (डडै एवं भ्डै), पीवीसी बेंड एवं जंक्शन बॉक्स, विभिन्न साइज के इलेक्ट्रिकल वायर, घटना में प्रयुक्त एक छोटा पिकअप वाहन (कीमत लगभग 4,50,000), घटना में प्रयुक्त एक मोबाइल फोन (कीमत लगभग 10,000) कुल जप्त मशरूका - 1977808 (लगभग) का जप्त किया गया

**सराहनीय भूमिका-** उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी देवेंद्रनगर उप निरीक्षक संतोष यादव, प्र.आर. धीरेन्द्र सिंह, लक्ष्मी नारायण यादव, वीर नारायण सिंह, आर. बृजेंद्र रैकवार, रोहित बागरी एवं सायबर सेल टीम की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा पुलिस टीम को पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की गई है।

## वन स्टॉप सेंटर का किया निरीक्षण



**पन्ना।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वंदना चौहान द्वारा बुधवार को पन्ना नगर में संचालित वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण किया गया। इस मौके पर सेंटर के जरिए विपत्तिग्रस्त महिलाओं एवं बालिकाओं को मिलने वाली सुविधाओं एवं सेवाओं की जानकारी ली गई। वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक कविता पाण्डेय द्वारा सखी केन्द्र की विभिन्न सेवाओं तथा योजनाओं एवं गतिविधियों के क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा पुनर्वास, जागरूकता कार्यक्रम तथा हेल्पलाइन नबंर इत्यादि के संबंध में भी अवगत कराया। एएसपी ने परिसर की विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन कर सुरक्षा व्यवस्था तथा परामर्श सेवाओं एवं परिजनों से भेंट प्रक्रिया इत्यादि की जानकारी ली। साथ ही गत माह में क्रियान्वित कार्यक्रम तथा आगामी कार्ययोजना व रूपरेखा पर चर्चा कर विभिन्न पंजियों का अवलोकन भी किया। इस दौरान सेंटर में कार्यरत अन्य महिला कर्मचारी भी उपस्थित रहीं।

# सतत जीवनशैली अपनाए बिना पर्यावरण संरक्षण असम्भव: विशेषज्ञ



**देवेन्द्रनगर।** पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम 2025-26 के अंतर्गत शासकीय संस्कृत महाविद्यालय, देवेन्द्रनगर में "सतत जीवनशैली कार्यशाला (वर्ज्य वस्तु प्रबन्धन से प्रकृति संरक्षण)" विषय पर एक दिवसीय अकादमिक एवं जन-जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (एप्को), पर्यावरण विभाग, मध्यप्रदेश शासन के प्रायोजन से 05 फरवरी 2026, गुरुवार को सम्पन्न हुआ। पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम 2025- कार्यक्रम का शुभारम्भ वैदिक मङ्गलाचरण एवं दीपप्रज्वलन के साथ हुआ। विषय प्रवर्तन करते हुए डॉ. रामनरेश द्विवेदी ने कहा कि वर्तमान पर्यावरणीय संकट मानव जीवनशैली के असंतुलन का प्रत्यक्ष परिणाम है, अतः समाधान भी जीवनशैली के परिष्कार में निहित है। मुख्य वक्ता डॉ. मनोज कुमार, सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, वनस्पति विज्ञान (छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पन्ना) ने अपने गम्भीर एवं तथ्यात्मक व्याख्यान में वर्ज्य वस्तुओं के वैज्ञानिक प्रबन्धन, पुनर्चक्रण (री-साइक्लिंग), जैव अपशिष्ट प्रबंधन तथा प्रकृति-संरक्षण के दीर्घकालिक प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यदि आज अपशिष्ट प्रबन्धन को प्राथमिकता नहीं दी गई तो आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्यावरणीय संकट और अधिक भयावह हो जाएगा। विशिष्ट वक्ता आचार्या मनीषा शर्मा, सहायक प्राध्यापक (वनस्पति विज्ञान) ने सतत विकास लक्ष्यों (ैक्ळे) के सन्दर्भ में दैनिक जीवन में पर्यावरण-संरक्षण की व्यवहारिक रणनीतियों पर विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति उत्तरदायी नागरिक बनने का आह्वान किया। आमन्त्रित अतिथि डॉ. बी.एन. जायसवाल, सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, वाणिज्य विभाग ने पर्यावरण संरक्षण और अर्थव्यवस्था के अंतर्सम्बन्ध को रेखांकित करते हुए कहा कि हरित अर्थव्यवस्था (ग्रीन इकोनॉमी) ही भविष्य का स्थायी समाधान है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नीरज शर्मा ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि भारतीय ज्ञान-परम्परा सदैव प्रकृति-संरक्षण की समर्थक रही है और संस्कृत शिक्षा का मूल उद्देश्य भी मानव एवं प्रकृति के बीच संतुलन स्थापित करना है। उन्होंने विद्यार्थियों से सतत जीवनशैली को आचरण में उतारने का आग्रह किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा अनुभव कथन प्रस्तुत किए गए, जिससे कार्यशाला की शैक्षिक एवं सामाजिक प्रासंगिकता स्पष्ट हुई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शालिग्राम मिश्र द्वारा तथा संयोजन पी.एल. जमरा द्वारा किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन, प्रमाण-पत्र वितरण, सामूहिक चित्र स्वीकरण एवं मधुर संगोष्ठी के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## खबर संक्षेप

### सगे बेटे पर लाखों की चोरी का आरोप



छतरपुर। जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र से एक परिवार के अंदरूनी विवाद का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक मां ने अपने सगे बेटे पर घर में चोरी करने का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि बेटे और उसके दोस्तों ने अलमारी तोड़कर नकद राशि व सोने के आभूषण चुरा लिए और फरार हो गए। पुलिस द्वारा एफआईआर न दर्ज करने से व्यथित होकर मां को एसपी कार्यालय तक पहुंचना पड़ा। पीड़ित मां राजकुमारी पत्नी राकेश पटेल, निवासी वार्ड नंबर 18, पंचवटी के सामने पन्ना रोड, थाना सिविल लाइन ने एसपी को दिए आवेदन में बताया कि 3 फरवरी 2026 की शाम करीब 5:30 बजे वह सब्जी लेने बाजार गई थीं। उस समय घर में उनका पुत्र कृष्णा पटेल और उसके दो दोस्त मौजूद थे। घर लौटने पर उन्होंने देखा कि गोदरेज अलमारी पीछे से टूटी हुई थी, मुख्य फाटक खुला था और घर से 40 हजार रुपये नकद, सोने की मंगलसूत्र तथा सोने की झुमकी गायब थीं। साथ ही बेटा कृष्णा और उसके दोनों साथी भी मौके से फरार हो चुके थे। पीड़िता ने तुरंत सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन तीन दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस ने न तो कोई एफआईआर दर्ज की और न ही जांच में कोई प्रगति दिखाई। थाने के चक्कर काट-काटकर थक चुकी महिला ने आखिरकार गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। उन्होंने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए तत्काल कार्रवाई और एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

### फिर एक बार डायॅल 112 बनी लोगों का सहारा

**ईशानगर**। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पठादा गांव के मेन रोड़ यात्री प्रतिक्षालय के सामने एक बुर्जग आदमी नग्न अवस्था में बुधवार-गुरूवार की दरमियानी रात डला हुआ था। ईशानगर थाने की डायल 112 को जैसे ही सूचना मिली तो वैसे ही डायल 112 मौके पर पहुंची और बुर्जग आदमी को कपड़े पहनाकर ईशानगर के अस्पताल ले जाया गया। जहां उसका ईलाज करवाया गया इस कार्यवाही में आरक्षक 721 धर्रमेन्द्र मिश्रा और पायलट मनीष शर्मा ने मदद की और फिर अस्पताल में भर्ती कराया।

### मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से 2.55 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

**छतरपुर**। म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा छतरपुर जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ित 6 लोगों को बेहतर उपचार के लिए आर्थिक सहायता राशि मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से कुल 2.55 लाख रुपए की स्वीकृत की गई है। हितग्राही राजेंद्र लोधी पिता घनश्याम दास राजपूत निवासी पोस्ट बलकौरा ग्राम राजपुरवा को 30 हजार रुपए, देवेंद्र कुमार तिवारी पिता बाबूलाल तिवारी ग्राम मऊ जिला छतरपुर को 35 हजार रुपए, धन प्रसाद श्रीवास पिता घसीटे श्रीवास वार्ड नंबर 17 नाला पार खटीक मोहल्ला नौगांव को 35 हजार रुपए, रंजीत प्रजापति पिता चुनवाद वार्ड नंबर 4 बहादुरपुर को 40 हजार रुपए, रामकिंकर रिछारिया पिता घनश्याम दास रिछारिया को 50 हजार रुपए एवं महेश पटेल पिता सुरेश पटेल बक्सवाहा वार्ड नंबर 10 जिला छतरपुर को 65 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### पुलिस ने फरार वारंटी को किया गिरफ्तार



**छतरपुर**। थाना अलीपुरा अंतर्गत वर्ष 2023 के एक प्रकरण में आवेदिका को न्यायालय द्वारा तय की गई राशि एक लाख नब्बे हजार रुपए अदा ना करने एवं अनावेदक के पेशी दिनांक में न्यायालय में पेश न होने पर न्यायालय द्वारा अनावेदक की गिरफ्तारी हेतु वसूली वारंट जारी किया गया था। पुलिस टीम द्वारा फरार वारंटी अरविंद रैकवार पिता कृपाल रैकवार निवासी पुरानी गल्ला मंडी के पास श्रीनगर जिला महोबा उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को विधिवत न्यायालय पेश किया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी अलीपुरा उप निरीक्षक शैलेंद्र सक्सेना, प्रधान आरक्षक रमन सिंह, आरक्षक श्याम सुंदर की भूमिका रही।

# बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में बनाए गए 87 परीक्षा केंद्र 10वीं के 27747 एवं 12वीं के 20115 छात्र परीक्षा में बैठेंगे

माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं अगामी 10 फरवरी 2026 से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू होने जा रही है। इन दोनो परीक्षाओं के आयोजन के लिए जिले में कुल 87 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। जिसमें 6 परीक्षा केन्द्र अतिसंवेदनशील की श्रेणी में रहेगे।

छतरपुर।



जिला शिक्षा अधिकारी अरूण शंकर पाण्डेय ने बताया कि हर ब्लॉक स्तर पर एक संवेदनशील परीक्षा केन्द्र रहेगा। जिसमें प्राइवेट परीक्षार्थी परीक्षा में बैठ सकेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि बोर्ड परीक्षा में नकल रोकने के लिए पूरी व्यवस्थाएं की गई है जिला स्तर पर शिक्षा विभाग की और से दो उडऩदस्ता दल बनाए गए है और जिला पंचायत सीईओ व जिला प्रशासन की ओर से भी उडऩदस्ता दल बनाए गए है जो समय समय पर परीक्षा केन्द्रो का औचक निरीक्षण करते रहेगे। इसके अलावा ब्लॉक स्तर पर भी एसडीएम के नेतृत्व में एक उडऩदस्ता दल गठित किया गय है। जिला शिक्षा अधिकारी अरूण शंकर पाण्डेय ने बताया कि प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में ऑब्जर्वर की व्यवस्था की गई है और यह आब्रजवर पूरे समय परीक्षा केन्द्र में मौजूद रहकर सुचारू रूप से परीक्षाओं को सम्पन करायेग और अपने सामने ही परीक्षा पुस्तिकाओं को शील कराकर उन्हें भेजने की व्यवस्था करेगे। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि 6 एवं 7 फरवरी को परीक्षा सामग्री का वितरण किया जाएगा अधिकारियों की मौजूदगी में पेपर निकाले जाएंगे और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की बीच जीपीएस सिस्टम की निगरानी में पेपर रखे गए है। जिला शिक्षा अधिकारी अरूण शंकर पाण्डेय ने परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों से अपील की है कि वह परीक्षा के दौरान तनावमुक्त रहें। परीक्षा केन्द्र में पेपर मिलने के बाद उसे 2 से 3 बार तक गहन रूप से पढ़े। जिससे उन्हें पेपर हल करने में सरलता मिलेंगी उन्होंने छात्रों से अपील की है कि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार से घवराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने परीक्षा में शामिल होने वाले बच्चों के अभिभावकों से अपील की है कि वह छात्रों को परीक्षा के पहले की रात में ज्यादा तनाव में न रखें और उन्हें ज्यादा से ज्यादा सोने दें, ताकि स्थिर मन से बच्चे परीक्षा में बैठ सकें।

## मानसिक प्रताडऩा से बुजुर्ग की सदमे में मौत, एसपी से शिकायत



### हत्या के आरोप में पंचायत ने चार लाख की मांग की

छतरपुर।

ग्रामीण इलाकों में आज भी कथित पंचायतों की मनमानी और सामाजिक दबाव की प्रथा जारी है। जिले के लवकुशनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचमपुर में एक बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद मामला तूल पकड़ गया है। गुरुवार को मृतक के परिजनों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर गांव के कुछ लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत दर्ज कराई।

परिजनों का आरोप है कि हत्या के एक पुराने मामले में जेल से जमानत पर छूटने के बाद बुजुर्ग गणेशा अहिरवार को गांव में पंचायत बुलाकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। पंचायत के नाम पर उनसे चार लाख रुपये की मांग की गई और पैसे न चुकाने पर परिवार को गांव से बाहर निकालने की धमकी दी गई।

पीड़िता विद्या पत्नी गनेशा अहिरवार निवासी ग्राम पंचमपुर ने अपनी शिकायत में बताया कि 17 जनवरी 2026 को गांव के कुछ लोगों ने पंचायत लगाकर उनके घर पहुंचे और उनके पति गणेशा अहिरवार पर हत्या सहित अन्य गंभीर आरोप लगाए। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार द्वारा पंचायत द्वारा लगाए गए कथित धार्मिक अनुष्ठान और अन्य खर्च पूरे न कर पाने पर लगातार मानसिक दबाव बनाया गया। इस प्रताडऩा से बुजुर्ग बुरी तरह आहत हो गए और उसी रात सदमे की स्थिति में उनकी मौत हो गई।

परिजनों ने आरोप लगाया कि सामाजिक दबाव और सदमे के चलते मौत के बाद आनन-फानन में अंतिम संस्कार कर दिया गया, जिससे जांच में बाधा उत्पन्न हुई। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## कॉलेज के शिक्षक की तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, 3 साल के मासूम की दर्दनाक मौत

छतरपुर।



नौगांव थाना क्षेत्र में बापू डिग्री कॉलेज के समीप एक दिल दहला देने वाली सड़क दुर्घटना में मात्र 3 साल के मासूम बच्चे की मौत हो गई। तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को साइड से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया और बच्चा उसके नीचे दब गया।

मृतक बच्चे की पहचान नैतिक कुशवाहा के रूप में हुई है। वह अजनर थाना क्षेत्र के ग्राम सीगोंन निवासी सुक्कू कुशवाहा का बेटा था। बच्चा अपनी मां के साथ नौगांव से दोरिया की ओर जा रहा था। ई-रिक्शा में दो अन्य सवार भी थे, लेकिन उन्हें कोई चोट नहीं आई। राहगीरों ने तुरंत घायल बच्चे को नौगांव अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों ने उसे प्राइवेट अस्पताल ले जाया, लेकिन वहां के डॉक्टरों ने भी जिला अस्पताल भेज दिया। आखिरकार जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल में मृतक की मां और दादी का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजन सदमे में हैं और न्याय की गुहार लगा रहे हैं। मृतक बच्चे का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में कराया जाना है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर मारने वाली कार बापू डिग्री कॉलेज, नौगांव के एक शिक्षक की बताई जा रही है। तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण यह हादसा हुआ। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपी शिक्षक की तलाश की जा रही है।

# बागेश्वर धाम में 10 दिवसीय कन्या विवाह महोत्सव का शंखनाद आज से

### प्रशासनिक एवं पुलिस के अधिकारियों ने धाम समिति के साथ की बैठक कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण, सभी व्यवस्थाओं पर हुई बिंदुवार चर्चा




छतरपुर।

करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र बागेश्वर धाम में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर सप्तम कन्या विवाह महा महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। 10 दिवसीय इस महोत्सव का शंखनाद शुक्रवार से हो रहा है। गुरुवार को प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ बागेश्वर धाम जन सेवा समिति के सदस्यों व पदाधिकारी की समन्वय बैठक हुई बैठक में आयोजन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विधिवत चर्चा हुई। लाखों लोगों के धाम में आने से लेकर उनके सुरक्षित यहां से निकलने, भोजन, यातायात, सुरक्षा जैसे बिंदुओं पर जानकारी का आदान-प्रदान किया गया। समिति के सदस्यों ने प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को आयोजन स्थल का निरीक्षण कराया।

आयोजन प्रभारी धीरेंद्र गौर ने बताया कि एडीएम मिलिंद नागदेवे और एएसपी आदित्य पटले के साथ अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में आयोजन को लेकर बैठक हुई। बैठक के माध्यम से सभी पहलुओं पर चर्चा की गई। बागेश्वर धाम आने वाले लोग सभी कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता देने के साथ पुण्य लाभ अर्जित कर सकुशल वापस घर निकल सकें यह सबसे महत्वपूर्ण है। समिति की ओर से आयोजन को गरिमापूर्ण बनाने के पूरे प्रबंध किए गए हैं। एडीएम श्री नागदेवे ने कहा कि सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वह चौकन्ने रहकर व्यवस्थाएं संभालें, हर परिस्थिति से निपटने के लिए सतर्क रहे। आने वाले लोगों को कोई परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए।

### यातायात और सुरक्षा पर रहेगी पुलिस की नजर

एसपी आदित्य पटले ने बताया कि बागेश्वर धाम में 300 बेटियों के कन्या विवाह के अवसर पर फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस, पार्किंग आने-जाने के मार्ग, सुरक्षा आदि बिंदुओं पर समिति के साथ बैठक कर चर्चा की गई है। जाम की स्थिति न हो इसलिए ट्रैफिक का प्लान निर्धारित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले का पर्याप्त पुलिस बल व्यवस्था में लगाया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि आवश्यकता अनुसार बाहर से पुलिस बल बुलाया जाएगा।

## खोलती कढ़ाही में गिरा 3 साल का मासूम, बचाने में मां भी झुलसी मां-बेटे दोनों घायल, जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती



छतरपुर।

एक दिल दहला देने वाली घटना में 3 साल के मासूम बच्चे ने उबलती कढ़ाही में गिरकर गंभीर जलन झेल ली। बच्चे को बचाने की कोशिश में उसकी मां भी बुरी तरह झुलस गई। दोनों को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उन्हें बर्न वार्ड में भर्ती कराया गया है। बच्चे की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है, जबकि मां की स्थिति स्थिर बताई जा रही है।

घटना पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश के महोबा जिले के ग्राम कैमाहा की है। जानकारी के अनुसार बुधवार को धर्मदास कुशवाहा के घर आंगन में चूल्हे पर कढ़ाही में सब्जी बनाई जा रही थी। इसी दौरान उनका इकलौता 3 साल का बेटा मंगल पास में खेल रहा था। खेल-खेल में अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह उबलती सब्जी से भरी कढ़ाही में जा गिरा। हादसा इतना भयावह था कि बच्चा कमर के नीचे से बुरी तरह झुलस गया।

बच्चे को बचाने के लिए उसकी मां रानी कुशवाहा ने तुरंत हाथ बढ़ाया, लेकिन वह भी गंभीर रूप से जल गई। उसका बायां हाथ विशेष रूप से प्रभावित हुआ। हादसे के बाद पूरे घर में अफरा-तफरी मच गई और परिवार में कोहराम छा गया। परिजनों ने आनन-फानन में दोनों को समीपस्थ छतरपुर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बर्न वार्ड में शिफ्ट कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार बच्चे को जलने की चोटें आई हैं, जिससे उसकी हालत गंभीर है। मां का इलाज जारी है और वह फिलहाल खतरे से बाहर हैं।



## अधिवक्ता दम्पत्ति पर पुलिस ने बिना किए दर्ज कर ली एफआईआर अधिवक्ता संघ ने एसपी को सौंपा ज्ञापन, निष्पक्ष जांच की मांग

**छतरपुर**। गुरुवार को तहसील अधिवक्ता संघ लवकुशनगर के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से अधिवक्ताओं ने थाना खजुराहो द्वारा बिना प्राथमिक जांच किए एफआईआर दर्ज किए जाने पर आपत्ति जताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।

अधिवक्ता संघ का कहना है कि संघ के नियमित सदस्य अधिवक्ता दुर्गा प्रसाद अवस्थी एवं उनकी पत्नी शीलू अवस्थी के विरुद्ध दिनांक 25 जनवरी 2026 को अपराध दर्ज किया गया, जबकि इससे पूर्व न तो तथ्यों की जांच की गई और न ही घटना की विधिवत पुष्टि की गई। एफआईआर भारतीय न्याय संहिता की धारा 85, 351(2), 3(5) एवं दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत दर्ज की गई है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि अधिवक्ता श्री अवस्थी वर्ष 2006 से नियमित रूप से विधि व्यवसाय कर रहे हैं तथा अपने परिवार के साथ पिछले 25 वर्षों से लवकुशनगर में निवासरत हैं। प्रकरण उनके छोटे भाई के वैवाहिक विवाद से जुड़ा बताया गया है, जिसमें फरियादिया अलग निवास कर रही थी। इसके बावजूद अधिवक्ता दंपती को बिना ठोस आधार के प्रकरण में शामिल कर लिया गया। अधिवक्ता संघ ने इसे अधिवक्ताओं की गरिमा के विरुद्ध बताते हुए वरिष्ठ अधिकारियों से निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। साथ ही यह भी अनुरोध किया गया कि जांच उपरांत अधिवक्ता दंपती के नाम एफआईआर से पृथक किए जाएं। ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## स्नातकोत्तर में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के लिए होगी प्रवेश पात्रता परीक्षा

छतरपुर।




महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर के परिक्षेत्र महाविद्यालयों में सत्र 2026-27 में स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए मेजर या माइनर विषय के अतिरिक्त विषय में स्नातकोत्तर द्विवर्षीय पाठ्यक्रम ( एम.ए. , एम.एस-सी., एमकॉम, एवं एम एच एस-सी.) कक्षा में प्रवेश लेना है, तो उन्हें विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण होना होगा। प्रवेश पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण होने के उपरांत ही मैरिट के आधार पर एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्नातक के मेजर या माइनर विषय के अतिरिक्त विषय में स्नातकोत्तर स्तर पर प्रवेश मिलेगा। विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के लिए निर्धारित मानकों के अनुरूप विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रवेश पात्रता परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन दिनांक 16 फरवरी 2026 से 28 फरवरी 2026 तक कर सकेंगे। प्रवेश पात्रता परीक्षा के लिए भरे गए आवेदन में संशोधन 28 फरवरी 2026 से 4 मार्च 2026 तक किया जाएगा। प्रवेश पात्रता परीक्षा दिनांक 29 मार्च 2026 रविवार को महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर में की जाएगी। इस प्रवेश परीक्षा में अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिए शुल्क ?500 रखी गयी है एवं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, निःशक्तजन, ईडब्ल्यूएस (केवल मध्य प्रदेश के मूल निवासियों के लिए) 250 रुपए आवेदन शुल्क रखी गयी है। इस प्रवेश पात्रता परीक्षा में प्रश्न पत्रों के लिए स्नातक तृतीय वर्ष के माइनर विषय का पाठ्यक्रम लिया जाएगा। जैसे कोई विद्यार्थी हिंदी से स्नातकोत्तर करना चाहता है, तो उसे स्नातक तृतीय वर्ष के माइनर हिंदी के पाठ्यक्रम से प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षा ऑफलाइन मोड में ओएमआर शीट के माध्यम से संपन्न होगी। प्रश्न पत्र में कल 50 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे, प्रत्येक प्रश्न दो अंक का होगा और इसमें कोई नकारात्मक अंकन नहीं किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर दिनांक 30 जनवरी 2026 को प्रकाशित प्रवेश पात्रता परीक्षा अधिसूचना पढ़कर प्राप्त कर सकते हैं।

ध्यातव्य हो कि जो विद्यार्थी स्नातक के मेजर या माइनर विषय से ही स्नातकोत्तर करना चाहते हैं उन्हें मेरिट के आधार पर सीधे प्रवेश मिल जायेगा। ऐसे विद्यार्थियों को इस प्रकार की प्रवेश परीक्षा देने की आवश्यकता नहीं है। साथ ही सीयूईटी-पीजी परीक्षा उत्तीर्ण आवेदकों को प्राथमिकता दी जायेगी।

## खबर संक्षेप

### जनगणना समन्वय समिति की बैठक 9 फरवरी को

**रीवा।** कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक 9 फरवरी को आयोजित की जायेगी। बैठक कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में टीएल बैठक के बाद आरंभ होगी। बैठक में समिति के सभी सदस्यों को उपस्थिति के निर्देश दिये गये हैं।

### नजूल निर्वर्तन समिति की बैठक आज

**रीवा।** संभागीय नजूल भूमि निर्वर्तन समिति की बैठक 6 फरवरी को सुबह 11 बजे से कमिश्नर कार्यालय में आयोजित की गयी है। बैठक की अध्यक्षता कमिश्नर बीएस जामोद करेंगे। बैठक में रीवा तथा मऊगंज जिले के प्रस्तावों पर विचार किया जाएगा। समिति के सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

### शहर के झिरिया नाले में दिखा विशालकाय अजगर, मौके पर उमड़ी भीड़

**रीवा ।** शहर में गुरुवार की दोपहर उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब मानस भवन के समीप स्थित झिरिया नाले में एक विशालकाय अजगर दिखाई दिया। नाले में अचानक अजगर के नजर आने की खबर फैलते ही आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया और देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नाले में देखा गया अजगर करीब 12 फीट लंबा था। उसका आकार इतना बड़ा और भयावह था कि उसे देखकर राहगीर और स्थानीय लोग दहशत में आ गए। अजगर को देखने के लिए लोग सड़क किनारे रुक गए, जिससे कुछ ही देर में मार्ग पर जाम जैसी स्थिति निर्मित हो गई। कई लोग अपने मोबाइल फोन से अजगर का वीडियो और फोटो बनाते नजर आए।बताया जा रहा है कि अजगर काफी देर तक नाले में ही मौजूद रहा और बाहर निकलने की कोशिश करता रहा। इसी दौरान आसपास खड़े लोग सुरक्षित दूरी बनाए रखते हुए उसे देखते रहे। हालांकि कुछ समय बाद अजगर नाले के भीतर ही आगे बढ़ गया और देखते ही देखते लोगों की आंखों से ओझल हो गया, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।

### राशि जमा नहीं करने पर नल कनेक्शन विच्छेदन की कार्यवाही

**कटनी।** नगर निगम के जलकर की राशि लंबे समय से बकाया होने पर गठित टीम द्वारा बडे बकायेदारों के यहां नल कनेक्शन विच्छेदन की कार्यवाही हेतु पहुंच रही है। बुधवार को उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर स्थित बाबा नारायण शाह वार्ड के दो उपभोक्ताओं सहित डॉ जाकिर हुसैन वार्ड संजय नगर के उपभोक्ताओं एवं एक अन्य उपभोक्ता पर लंबे समय से जलकर की राशि बकाया होने पर नल कनेक्शन की कार्यवाही करने पहुंची। इस दौरान संबंधित पांच उपभोक्ताओं द्वारा दो किस्तों में जल की बकाया राशि जमा करने की मांग किये जाने पर नल कनेक्शन विच्छेदन की कार्यवाही नहीं की गई।

# जंगल की जमीन पर बस गए गांव खाली नहीं करा पा रहा वन अमला घटता जा रहा वनों का दायरा, 3562 हेक्टेयर पर अभी भी लोगों का अवैध कब्जा

रीवा ।

जंगल की जमीन घटती जा रही है। लोगों का दखल बढ़ता जा रहा। 10 साल पहले 49517 हेक्टेयर भूमि पर अवैध अतिक्रमण था। इन 10 सालों में विभाग सिर्फ 1400 हेक्टेयर के करीब ही भूमि मुक्त करा पाई। वर्तमान में 3541 हेक्टेयर भूमि पर अभी भी लोगों ने अवैध कब्जा जमाया हुआ है। जिसे खाली कराने में विभाग के पसीने छूट रहे हैं। रीवा और मऊगंज जिला की वन भूमि का दायरा घटना जा रहा है। कागजों में वैसे तो इन दोनों जिलों में वन क्षेत्र का रकबा 1 लाख 6 हजार हेक्टेयर है लेकिन मौके पर कई हजार हेक्टेयर पर अवैध कब्जा हो गया है।





वन भूमि वन विभाग के हाथों से निकलती जा रही है। एक तरफ तो सरकारी योजनाओं में कई हेक्टेयर भूमि चली गई। जो बची है, उस पर लोग कब्जा करते जा रहे है। जंगल की जमीन घटती जा रही है। हद तो यह है कि यह अवैध कब्जा जंगल से उनके सरकारी आवास तक पहुंच गया है। डीएफओ बंगला के पास भी रीवा वन परिक्षेत्रों में लोगों का दखल बढ़ रहा है। यह सिर्फ दखल तक ही सीमित नहीं है। जंगलों को नष्ट कर लोग घर और खेत बना रहे हैं। धीरे धीरे इनकी संख्या बढ़ती ही जा रही है। जंगलों में अवैध कटाई भी जारी है। अवैध शिकार के मामले भी बढ़ रहे हैं। इन पर अंकुश लगाने में वन विभाग फेल हो रहा है। वन विभाग ने अतिक्रमण को चिन्हित तो कर लिया लेकिन इन अतिक्रमणकारियों से सख्ती से निपट तक नहीं पा रहा है। उस पर रीवा के जंगलों में बढ़ता ही जा रहा कब्जा, रोक नहीं पा रहा विभाग दो सरकारी आवास पर लोगों ने कब्जा कर लिया है। इन अवैध कब्जे को भी वन विभाग मुक्त नहीं करा पा रहा है। अब ऐसे में वन विभाग की नाकामियों का अंदाजा लगाया जा सकता है।रातों-रात कर रहे कब्जालोग रातों रात वन भूमियों पर झोपडियां तान रहे हैं। घर का निर्माण कर रहे है। इन्हें हटाने को लेकर भी विभाग के हाथ बांध दिए गए हैं। सरकार ने इन अवैध अतिक्रमणकारियों के साथ सख्ती बरतने पर भी रोक लगा दी है। इसके कारण भी अतिक्रमण तेजी से बढ़ रहा है। 25.69 हेक्टेयर और 10 साल पहले जब कार्ययोजना तैयार की गई थी। तब रीवा और मऊगंज में अतिक्रमण का क्षेत्रफल कम था। रीवा में 639.14 हेक्टेयर भूमि पर ही अतिक्रमण था। वहीं रीवा में 639.14 हेक्टेयर से अतिक्रमण बढ़ कर 815.29 हेक्टेयर तक पहुंच गया।वन अधिकार पत्र के चक्कर में कर रहे कब्जासरकार जंगलों में बसने वाले लोगों को पट्टा दे रही है। इसी लालच में जंगलों की जमीन पर लोग कब्जा किया जा रहा है। लोग रातों रात वन भूमियों पर झोपडियां तान रहें है। इन्हें हटाने को लेकर भी विभाग के हांथ बांध दिए है। सरकार ने इन अबैध अतिक्रमणकारियों के साथ सख्ती बरतने पर भी रोक लगा दी गई है। इसके कारण भी अतिक्रमण तेजी से बढ़ रहा है।अतिक्रमणकारी चिन्हित, फिर भी कार्यवाही नहींरीवा के वन परिक्षेत्रों में लोगों का दखल बढ़ रहा है। यह सिर्फ दखल तक सीमित नहीं है। जंगलों को नष्ट कर लोग घर और खेत बनाकर रह रहे है। धीरे धीरे इनकी संख्या बढ़ती जा रही है। जंगलों में अबैध कटाई भी जारी है। अबैध शिकार के मामले भी बढ रहे है। इन पर अंकुश लगानें में वन विभाग फेल हो रहा है। वन विभाग ने इन पर अंकुश लगानें में वन विभाग पूरी तरह से फेल है। वन विभाग ने अतिक्रमण को चिन्हित तो कर लिया लेकिन इन अतिक्रमणकारियों से सख्ती से निपट नहीं पा रहा है।

# किसानों को ई-टोकन से बंटेगी खाद आफलाईन टोकन जारी नहीं होगा

रीवा ।

किसानों को खाद वितरण में होने वाली परेशानियों को दूर करने, कृषकों को उर्वरक वितरण में पारदर्शिता और सरलता के उद्देश्य से ई-टोकन के माध्यम से खाद वितरण की व्यवस्था की गई है।

ई-टोकन व्यवस्था से किसानों को लंबी-लंबी कतारों एवं परेशानियों से मुक्ति मिलेगी। इस संबंध में जिला विपणन अधिकारी शिखा सिंह वर्मा ने बताया कि 6 फरवरी के पश्चात ई-टोकन के माध्यम से ही खाद का वितरण किया जाएगा। किसी भी प्रकार का आफलाइन टोकन जारी नहीं होगा। खाद प्राप्त करने के इच्छुक किसान ई टोकन प्राप्त करने के लिए ई टोकन पोर्टल पर पंजीयन करा लें। जारी होने के तीन दिन तक ई टोकन वैध रहेगा।किसानों को समझाइश दी गयी है कि ईटोकनडॉटएमपीकृषि डॉट ओआरजी को गूगल में डाले। इस पर जाकर कृषक का फोटो दिखेगा वाला किसान दिखेगा उस पर अपने आधार नं. डाले व आधार से रजिस्टर्ड मो. नं. पर ओटीपी प्राप्त होगी उसे उस पर डालकर वेरीफाई करें। ओटीपी डालने के बाद किसान की बनी फार्मर आईडी से लिंक खसरे दर्शित होगे, जो एग्री स्टेक से जोड़े जाते है। दर्शित खसरे को वेरीफाईड करने हेतु पुनः कृषक अपने मो. नंबर का शुरू से छः अंक डाले और ओटीपी प्राप्त कर वेरी फाई करें, और आगे प्रकिया करते हुये खसरे में अंकित रकवा के आधार पर स्वतः गणना कर सिस्टम बता देता है। कि किसान को कितने बोरी उर्वरक मिलेगी। खाद कय करने हेतु नीचे रिटेलर दिखेगें जिनके पास स्टाक होगा उसका अपनी सुविधानुसार चयन कर टोकन प्राप्त करे।

# डाक विभाग द्वारा संचालित है बीमा योजना

रीवा ।



डाक विभाग द्वारा सुगम यात्रा का सुरक्षा बीमा योजना इण्डिया पोस्ट पेमेंट बैंक ने यात्रियों को व्यापक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से इसकी शुरूआत की गई है। योजना में यात्रा के दौरान दुर्घटना एवं बीमारी से सुरक्षा कवरेज, नेटवर्क अस्पतालों में कैशलेस उपचार सुविधा आपातकालीन एम्बुलेंस एवं चिकित्सा सहायता, पॉलिसी शर्तों के अनुसार ओपीडी खर्च निजी सामान का नुकसान चेक इन किए गए सामान का नुकसान या देरी, सडक दुर्घटना एवं कॉमन कैरियर के कारण यात्रा रद्द वैकल्पिक परिवहन एवं आपातकालीन आवास खर्च कवर, हो सकेगा। डाक अधीक्षक आर.के. तिवारी ने बताया कि पॉलिसी अवधि न्यूनतम एक वर्ष की है और 299 रूपये में ली जा सकती है। इसमें 17 तरह के कवर शामिल है। भारत की सबसे पुरानी जीवन बीमा योजना डाक जीवन बीमा है, जो भरोसेमंद सुरक्षा, कम प्रीमियम और आकर्षक बोनस के लिए जानी जाती है। अब इस पर जीएसटी शून्य प्रतिशत है जो इसे और अधिक किफायती बनाता है। निजी शिक्षण संस्थाओं विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के कर्मचारियों, डाक्टर्स, इंजीनियर्स प्रबंधन सलाहकारों, चार्टेड एकाउंटेंट, वास्तुकारों, वकीलो, बैंकर जैसे पेशेवरों और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के सूचीबद्ध कम्पनी के कर्मचारियों के लिए भी उपलब्ध होगी। यह फैसला सामाजिक सुरक्षा कवरेज को बढ़ाने और अधिकतम संख्या में लोगों को भारत सरकार की डाक जीवन बीमा के तहत लोन के लिए किया गया है। बीमा में धारा 88 के तहत आयकर में छूट, कम प्रीमियम अधिक बोनस, पॉलिसी पर लोन की सुविधा, देश के किसी भी डाकघर में प्रीमियम जमा करने की सुविधा और अग्रिम प्रीमियम पर छूट दी जाती है। अधिकतम बीमित सीमा 50 लाख रुपए है

# लंबित छात्रवृत्ति का एक सप्ताह में भुगतान सुनिश्चित करें - कलेक्टर धरती आबा अभियान में हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं का लाभ दिलायें

**रीवा ।** कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वर्ष 2024-25 के लंबित तथा वर्ष 2025-26 की छात्रवृत्ति का भुगतान छात्रों के खाते में एक सप्ताह में अनिवार्यतः हो जाय। उन्होंने धरती आबा अभियान में हितग्राहियों का विभागीय योजनाओं का लाभ दिलाये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये।कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने कहा कि छात्रवृत्ति वितरण की व्यक्तिगत जिम्मेदारी बीईओ की है साथ ही संबंधित संस्था के प्राचार्य यदि इस काम में रूचि न लें तो उनका वेतन रोका जाय। उन्होंने विद्यालयों में निर्माणाधीन नवीन बालिका शौचालय का कार्य 15 फरवरी तक तथा शौचालय में सुधार के कार्य 8 फरवरी तक पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित करायें कि सभी विद्यालयों में शौचालय चालू हालत में रहे। अशासकीय विद्यालयों की प्रथम



प्रवेशित कक्षा के कार्य में 10 फरवरी तक रिपोर्ट प्राप्त करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिये गये। उन्होंने कहा कि ऐसा न करने वाली संस्थाओं को नोटिस देकर संबद्धता समाप्त करने की कार्यवाही करें। पाठ पुस्तक वितरण की समीक्षा के दौरान बीईओ से शत प्रतिशत वितरण की रिपोर्ट प्राप्त करने के निर्देश कलेक्टर ने दिये। जिन बीईओ ने सत्यापन नहीं किया उनको नोटिस देने के निर्देश बैठक में दिये गये। कक्षा 5 से कक्षा 6वीं में विद्यार्थियों के प्रवेश लेने की मैपिंग की जानकारी तत्काल प्रस्तुत करने के निर्देश संबंधित बीईओ को बैठक में दिये गये। समीक्षा बैठक में बीईओ रीवा के अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश कलेक्टर ने दिये। जनजातीय कार्य विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना में कार्य न करने वाले को नोटिस देने के निर्देश दिये। उन्होंने वनाधिकार के हितग्राहियों को खाद, आयुष्मान योजना, किसान कल्याण योजना तथा केसीसी का लाभ दिलाये जाने की बात कही। कलेक्टर ने जिला संयोजक को निर्देशित किया कि स्वरोजगार योजनाओं के लिये बैंक से समन्वय कर प्रकरण स्वीकृत कराकर हितग्राहियों को हितलाभ दिलायें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, जिला शिक्षा अधिकारी रामराज मिश्रा, जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग के.के. पाण्डेय, डीपीसी राजेश तिवारी, रूचि तिवारी सहित सीईओ, बीआरसी उपयंत्री उपस्थित रहे।

# पनवार कुटी आश्रम में संपन्न हुआ विशाल हिन्दू संत सम्मेलन

रीवा



सनातन धर्म की अलख जगाने धार्मिक संस्थाएं लगातार कार्यरत हैं इसी कड़ी में श्रीनरसिंहदास सिद्धाश्रम कुटी पनवार में विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजित हुआ। जिसमें सुबह भजन संकीर्तन प्रारंभ हुआ तदुपरांत 151 भक्तों द्वारा सामूहिक संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ। यह पाठ सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरुण कुमार सिंह के मुखारबिन्दु से किया गया। पूजन आरती का कार्य सन्त श्रीनरसिंहदास सिद्ध आश्रम कुटी के अध्यक्ष आचार्य रामसुशील मिश्र के द्वारा सम्पन्न किया गया। उसी क्रम में संतों का आगमन हुआ। सम्मानित अतिथि के रुप में झलबदरी आश्रम के महंत अंबिका दास महाराज का आगमन हुआ। आपने गुरुदेव की चरण पादुका प्रतिमा में पूजन करके माल्यार्पण किया। हिंदू सम्मेलन के मुख्य वक्ता आरएसएस के विभाग प्रचारक हरिनारायण भाई साहब ने पंच परिवर्तन में सभी पर अपने विशिष्ट उद्बोधन देकर सभी को प्रभावित किया। उसी क्रम में संत अम्बिका दास महराज ने कहा की हम सभी जाति से उठकर एक हो धर्म की रक्षा करें। हिन्दू सम्मेलन समिति रीवा के संयोजक मनीष मिश्रा ने कहा हमें महाराणा प्रताप,गुरु जी जैसे महापुरुषों के पद चिन्हों पर चलना चाहिए। एक रोचक कथा से अपनी बात जन जन तक पहुंचाया। इसी अनुक्रम में कार्यक्रम संयोजक एवं आयोजक आचार्य रामसुशील मिश्र ने कहा की आज हिन्दू सम्मेलन की जरुरत क्यों पड़ी,हम परिवार के नाम से लड़ रहे हैं,जाति के नाम पर, परिवार,राजनीतिक,भाषा,प्रांत आदि के नाम पर लड़ते आ रहे हैं। इससे बिधर्मियों को लाभ होगा। इसलिए संगठित रहें, इतना बड़ा जन सैलाब कुटी आश्रम में आज जो हजारों की भीड़ है उसका एक ही मतलब है कि हम सब अब संगठित हो जाएं। कोई नेता आयेगा वोट के नाम पर भारत माता को अशब्द बोलेगा,मंदिर को बोलेगा, सनातन पर बोलेगा,गौ माता को बूचड़खाना में भेजेगा जो कटेगी, हमारी मातृ शक्ति बहनों को लव जिहाद में फंसाया जा रहा है,वो धर्म परिवर्तन कर रहे हैं। इसलिए हम सभी एक जुट होकर इसे रोक सकते है,क्योंकि संगठन में ही शक्ति होती है। 'हिन्दू जगेगा विश्व जगेगा, मानव का विश्वास जगेगा' इन्हीं शब्दों के साथ कार्यक्रम में पधारे सभी सनातनियों का आभार धन्यवाद व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीसुभाष ने किया। आश्रम व्यवस्था पुजारी रविचंद्र दास महाराज, रमेश, मनीष,सुशील साहू, राजेंद्र समदरिया, श्रीतरुण, विनय सिंह, भूषण मिश्र, बालेंद्र तिवारी, जितेंद्र, संतोष, दिलीप, भैयन कुशवाहा, विपुल पटेल, निखिल पाठक, लक्ष्मी, अर्चना, पुष्पा, देवेंद्र, संत कुमार, लकी, आर्यन,जोगराज, सुंदरम, राजकुमार विश्वकर्मा, प्रमोद, राजेश, विष्णु, चंद्रमणि, संकटा, लुल्ली सेठ, वैभव केसरवानी समेत हजारों हिन्दू शामिल हुए। आचार्य रामसुशील मिश्र एवं हिन्दू संगठन के सहयोग से विशाल पूड़ी सब्जी मिष्ठान भंडारा वितरण किया गया ।

# विश्वविद्यालय की लापरवाही से छात्र का भविष्य अधर में फीस व दस्तावेज जमा करने के बावजूद प्रवेश से वंचित, कलेक्टर से हुई शिकायत

रीवा।




अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा की कथित प्रशासनिक लापरवाही के चलते एक छात्र का शैक्षणिक वर्ष नष्ट होने की कगार पर पहुंच गया है। पीड़ित छात्र का आरोप है कि उसने नियमानुसार समय-सीमा के भीतर फीस जमा कर सभी आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किए थे, इसके बावजूद विश्वविद्यालय प्रशासन की त्रुटि के कारण उसका नाम प्रवेश सूची में शामिल नहीं किया गया। पीड़ित छात्र विवेक शुक्ला ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा की गई गलती के चलते उनका दाखिला नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि उन्होंने ऑफलाइन आवेदन प्रक्रिया के तहत निर्धारित तिथि के भीतर सभी औपचारिकताएं पूर्ण की थीं, लेकिन प्रशासनिक चूक का खामियाजा उन्हें प्रवेश से वंचित होकर भुगतना पड़ रहा है।छात्र का कहना है कि प्रवेश संबंधी सभी दस्तावेज विश्वविद्यालय में विधिवत जमा किए गए थे और फीस की रसीद भी उनके पास उपलब्ध है। इसके बावजूद जब प्रवेश सूची जारी हुई, तो उसमें उनका नाम नहीं पाया गया। बार-बार विश्वविद्यालय के संबंधित विभागों से संपर्क करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो सका।मामले से आहत पीड़ित छात्र ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर जिला प्रशासन से शिकायत की और प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कराए जाने की मांग की है। छात्र ने कलेक्टर को सौंपे गए आवेदन में कहा है कि यदि समय रहते समस्या का निराकरण नहीं किया गया, तो उनका पूरा शैक्षणिक वर्ष व्यर्थ चला जाएगा, जिसकी भरपाई संभव नहीं होगी। इस पूरे मामले ने विश्वविद्यालय की प्रवेश व्यवस्था और प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। शिक्षा जैसे संवेदनशील क्षेत्र में इस तरह की लापरवाही से छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है।

**जनपद पंचायत नईगढ़ी की ग्राम पंचायत पुरैनी के सचिव रामावतार साकेत द्वारा वित्तीय साक्षरता का आयोजन**

# पुरैनी में वित्तीय साक्षरता का हुआ आयोजन

मऊगंज

जिले के जनपद पंचायत नईगढ़ी की ग्राम पंचायत पुरैनी के सचिव रामावतार साकेत द्वारा वित्तीय साक्षरता का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि एलडीएम मऊगंज श्रीमती ज्योत्सना अग्रवाल तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत की सरपंच पुष्पा मिश्रा ने किया वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर असिस्टेंट काउंसलर वित्तीय साक्षरता आरोह फाउंडेशन संतोष कुमार मिश्र एवं ग्राम पंचायत के वरिष्ठ नागरिक मनोज मिश्रा उपस्थित रहे सर्वप्रथम कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मिश्र ने उपस्थित अधिकारियों एवं जनता का अभिवादन किया तत्पश्चात सरकार की बैंकिंग योजनाओं की बिंदुवार जानकारी दें उन्होंने कहा कि जितने लोग उपस्थित हैं सभी का खाता खुला है परंतु बहुत ऐसे खाते धारक हैं जिनके खाते में केवाईसी अभी नहीं हुई है इसलिए आधार कार्ड लेकर अपने बैंक या नजदीकी किओस्क सेंटर में जाकर अपनी केवाईसी चेक करा ले यदि नहीं हुई है तो तत्काल करा ले और यदि हुई है तो बड़ी अच्छी बात है इसी तरह हर खता में नॉमिनी का होना बहुत आवश्यक है वर्तमान में जो खाता खुल रहे हैं उसमें तो नॉमिनी है परंतु बहुत पुराने खाते हैं जिनमें नामिनी का फॉर्म नहीं भरा हुआ है इसलिए अपने किसी एक सगे संबंधी को खाता में नॉमिनी डाल दें जब तक आप हैं तब तक उस खाता के मालिक स्वयं आप हैं परंतु आपके ना रहने पर पूरे परिवार को बैंक आने की आवश्यकता नहीं है सिर्फ जो नॉमिनी है उनकी केवाईसी होगी और पूरी राशि उनके खाता में ट्रांसफर कर दी जाएगी और इससे परेशानी से भी छुटकारा मिल जाएगा परंतु यदि नॉमिनी का फॉर्म नहीं भरा रहता तो जितने सचरा में लोगों का नाम आ जाता है सभी को बैंक में आने पड़ते हैं और जो भी प्रक्रिया है उसको पूरा करना पड़ता है आजकल हर व्यक्ति के पास मोबाइल है परंतु खाते में मोबाइल नंबर लिंक ना होने की वजह से पैसा आने एवं निकालने के बाद मैसेज नहीं आता है इसलिए आप सभी से विशेष आग्रह है कि अपने बैंक में जाकर मोबाइल नंबर वाला फॉर्म लेकर आधार कार्ड पासबुक की फोटो कॉपी और एक पासपोर्ट साइज की फोटो लगाकर बैंक में दे दें जब आपके खाते में पैसा आएगा या निकालेंगे तुरंत मैसेज के माध्यम से आपको समय-समय पर जानकारी मिलती रहेगी बैंक आपसे इसका कोई चार्ज नहीं लेगा यह फ्री सेवा है इसी तरह सरकार द्वारा जन सुरक्षा




अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा सहित अटल पेंशन योजना की व्यवस्था हर शासकीय बैंकों में शासन द्वारा निर्धारित की गई है इसलिए 18 वर्ष से 70 वर्ष के बीच हर महिला पुरुष अपने अकाउंट से 20 का प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा निश्चित रूप से करा लें साल भर में मात्र 20 लगते हैं और 200000 का दुर्घटना बीमा होता है जो की एक गरीब परिवार के लिए बहुत बड़ी मदद होगी इसी तरह से जीवन ज्योति बीमा साल भर में 436 रुपए लगते हैं और 18 वर्ष से 50 वर्ष के बीच हर महिला पुरुष करा सकते हैं सामान्य मृत्यु पर भी 200000 नॉमिनी को मिलते हैं इसी तरह अटल पेंशन योजना जिसको बुढ़ापे की लाठी कही जाती है 18 वर्ष से 40 वर्ष के बीच के हर महिला पुरुष अपने-अपने खाता से अटल पेंशन करा लें पेंशन 1000 से 5000 तक पांच प्रकार की है जो आपको बुढ़ापे में पेंशन लेना हो उसके आधार पर आवेदन भर दे 60 वर्ष तक पैसे देने होंगे और 60 वर्ष पूरा होने के पश्चात जीवन पर्यंत आवेदक को पेंशन उसके पश्चात उसके नॉमिनी को पेंशन और पति-पत्नी दोनों लोगों के न रहने पर 850000 बच्चों को बैंक के माध्यम से नगद दिए जाएंगे जो की बहुत बड़ी रकम होगी कुछ ऐसे खाते धारक हैं कि खाता खोलने के बाद कुछ पैसा जमा कर उस खाते को भूल गए थे और 10 वर्ष तक लगातार उस खाते से लेनदेन नहीं हुआ ऐसा पैसा आरबीआई को सीधे चला जाता था परंतु आरबीआई ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है यदि किसी का पैसा गया है तो संबंधी बैंक मैं जाकर आवश्यक रिकार्ड सहित आवेदन प्रस्तुत करें जब पैसा आपके खाते से गया है तब से लेकर आज तक ब्याज सहित पूरा पैसा वापस किया जाएगा मऊगंज जिले में यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान खुला है गरीबी रेखा के अंतर्गत जीवन यापन करने वाले परिवारों को निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है यहां तक की चाय नाश्ता भोजन भी पूरी तरह से फ्री है एजुकेशन लोन जिन छात्र एवं छात्राओं का कक्षा 12 में 85% से ऊपर रिजल्ट है और उनके माता एवं पिता के पास कोई शासकीय नौकरी और जमीन नहीं है ऐसे छात्रों को बिना गारंटी के चार लाख 50000 बैंक के माध्यम से एजुकेशन लोन दिए जाएंगे उस पैसे का उपयोग पढ़ाई में करना है और आत्मनिर्भर होने के बाद उस पैसे को धीरे-धीरे बैंक को लौटना है इसलिए योजनाएं बहुत हैं इनको जानना और समझना चाहिए तभी आप अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं वर्तमान में साइबर फ्रॉड की घटनाएं बहुत हो रही हैं इसलिए कोई अनजान व्यक्ति आपसे ओटीपी या खाता नंबर आधार नंबर मांगता है बिल्कुल ना दें आप जितना ही सावधान रहेंगे उतना ही सुरक्षित रहेंगे परंतु यदि धोखे से भी आपका पैसा गलत ढंग से कहीं दूसरे खाते में चला जाए तो 1930 में तुरंत फोन लगाकर उस खाता को होल्ड करा सकते हैं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एलडीएम मऊगंज ने कहा कि जितनी भी योजनाएं आप लोगों को बताई गई हैं यह सब आपके हित की हैं इसका अधिक से अधिक लाभ ले साइबर फ्रॉड से बचें और जो जन सुरक्षा अभियान के तहत बीमा और अटल पेंशन सरकार द्वारा निर्धारित की गई है अपने-अपने बैंक से अवश्य कराएं और उसका लाभ ले बैंक के संबंध में कोई भी समस्याएं आती हैं तो आप लोग मुझे सूचित करें तत्काल उसका निदान करने का प्रयास किया जाएगा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही ग्राम पंचायत की सरपंच पुष्पा मिश्रा ने कहा कि हमारे ग्राम पंचायत में जो आज वित्तीय साक्षरता का कार्यक्रम हुआ बहुत सारी योजनाएं हैं जिनको कि हम लोग नहीं जानते थे और आज जानकारी मिली और हम चाहते हैं कि हमारे ग्राम पंचायत की जनता अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ ले कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक मुन्नालाल विश्वकर्मा आशा सुपरवाइजर सविता पटेल यूनियन बैंक के बीसी ओंकार गौतम आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सीमा गौतम माया देवी पटेल रजनी साकेत सहायिका सरोज मिश्रा सविता साकेत आशा कार्यकर्ता गीता पटेल गांव के वरिष्ठ नागरिक मुद्रिका प्रसाद गौतम सहित कई अन्य हितग्राही उपस्थित रहे

# ढेरा इलेवन बना गढ़ प्रीमियर लीग-3 का विजेता विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने खिलाड़ियों को प्रदान की ट्रॉफी व पुरस्कार



**रीवा।** गढ़ के खेल मैदान पर आयोजित गढ़ प्रीमियर लीग सीजन-3 का फाइनल मुकाबला खेल प्रेमियों के लिए यादगार बन गया। फाइनल में ढेरा इलेवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महाकाल इलेवन रीवा को 19 रनों से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ढेरा इलेवन की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 167 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी महाकाल इलेवन रीवा की टीम 18.5 ओवर में 148 रन पर सिमट गई। ढेरा इलेवन के गेंदबाजों ने दबाव में शानदार प्रदर्शन कर टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई। फाइनल मुकाबले के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में त्यौंथर विधानसभा के विधायक सिद्धार्थ तिवारी 'राज' मुख्य अतिथि के रूप और धर्मेंद्र मिश्रा भी शामिल हुए। उन्होंने विजेता टीम ढेरा इलेवन को चमचमाती ट्रॉफी सहित 61000 रुपये का चेक एवं अन्य पुरस्कार प्रदान किए, वहीं उपविजेता टीम महाकाल इलेवन रीवा को ट्रॉफी के साथ 41000 रुपये का चेक सौंपा, साथ ही खिलाडियों को भी सम्मानित किया। विधायक तिवारी ने खिलाडियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढने का मंच प्रदान करते हैं। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में आयोजन समिति एवं समस्त ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा। आयोजन समिति में रवि मिश्रा एवं राहुल मिश्रा ने मुख्य संरक्षक की भूमिका निभाई। मैदानी अंपायर के रूप में प्रदीप ओझा, नरेंद्र पटेल, सोनू सिंह, अजय पाण्डेय ने सराहनीय कार्य किया। डिजिटल स्कोरिंग में युवराज सिंह एवं हेमंत मिश्रा, लक्की मिश्रा ने अच्छा सहयोग किया। वहीं कमेंटेटर के रूप में संजीव पाण्डेय, अतुल तिवारी, प्रशांत मिश्रा, शिवम सिंह एवं पंकज मिश्रा ने अहम अहम भूमिका निभाई। इस दौरान कमेटी के प्रमुख सदस्यों में हरिहर प्रसाद पटेल उर्फ भगत सिंह, अनुज मिश्र निक्की, निलेश मिश्र लब्बू, प्रिंस, अखिलेश्वर पुरी, उमेश कुशवाहा, संतोष, जीतेंद्र, विजय, दिलीप, पयासी, हीरू, छोटले, अन्य कमेटी सदस्यों एवं ग्रामवासियों के समन्वय से टूर्नामेंट का सफल आयोजन संभव हो सका।